बेटी बचाओ

बेटी पढ़ाओ

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 17.10.2020

- नगर आयुक्त महोदय ने बैंको द्वारा पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पंजीकृत पथ विकेताओ को ऋण स्वीकृत करने एवं धनराशि अवमुक्त करने में की जा रही ढ़िलायी पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा समस्त आवेदको को 03 दिन के अन्दर ऋण की धनराशि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। अवकाश के दिवसो में भी बैंक शाखाये खोलकर ऋण वितरण की कार्यवाही किये जाने हेतु शासन द्वारा दिया गया है निर्देश।

- नगर निगम द्वारा शाहजहाँपर को सशक्त,सतत,सम्बद्ध,सम्पन्न, बनाले हेतु अभिनव प्रयोग करते हुये मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 17.10.2020 ककरा कलां कुण्ड स्थित जैव विविध पार्क में महिला क्षमता संबर्धन की कार्यशाला एवं वृहद वृक्षारोपण किया गया आयोजन, 200 महिला कर्मी द्वारा किया गया प्रतिभाग।
- मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत कल दिनांक 18.10.2020 को गाँधी भवन में प्रातः 10 बजे महिला सफाई कर्मियो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छता की कार्यशाला का आयोजन होगा।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में सफाई कार्य का किया गया निरीक्षण, सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को दिया गया निर्देश, पूजा स्थलो,मंदिरो एव अन्य सार्वजनिक स्थानो पर गन्दगी पाये जाने कठोर कार्यवाही की दी गई चेतावनी।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा शासन के निर्देशानुसार दिनांक 19.02.2020 से विद्यालयो में पठन-पाठन शुरू किये जाने के दृष्टिगत नगर के विद्यालयो को सेनेटाइज किये जाने का दिया गया निर्देश।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु प्रतर्वन दल द्वारा आज दिनांक 17.10.2020 को महिला थाना के पास तथा लोधीपुर में अवैध होर्डिग्स हटाई गई तथा बरेली मोड़ पर 4 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

- नगर के पंजीकृत पथ विकेताओ को पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत को 10 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है इसके अन्तर्गत पथ विकेताओ द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे गये है। इन आवेदन पत्रो के आधार पर नगर के विभिन्न बैंको द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाना है। नगर आयुक्त महोदय ने बैंको द्वारा पी0एम0 स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पंजीकृत पथ विकेताओ को ऋण स्वीकृत करने एवं धनराशि अवमुक्त करने में की जा रही ढ़िलायी पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा समस्त आवेदको को 03 दिन के अन्दर ऋण की धनराशि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। आज नगर आयुक्त महोदय द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा,पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओ में जाकर ऋण वितरण की कार्यवाही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्री अतुल कुमार पाठक परियोजना अधिकारी डूडा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- मा0 मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति योजना का शुभारम्भ किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 6 माह तक मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के सम्बंध में कार्यवाही की जाये। प्रत्येक कार्यालय में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना किये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये हैं। हेल्प डेस्क पर महिला अधिकारी/कर्मचारी की तैनाती हो। आवश्यकतानुसार किसी पीड़ित महिला के प्रार्थनापत्र को लिखने में तैनात महिला कार्मिक द्वारा सहायता की जाये। महिला हेल्प डेस्क पर पर्याप्त स्टेशनरी भी उपलब्ध हो। कार्यालय में कार्यालय कर्मी महिलाओं एवं आगंतुक महिलाओं हेतु स्वच्छ प्रसाधन की की भी व्यवस्था की जाये। नगर निगम द्वारा शाहजहॉपर को सशक्त,सतत,सम्बद्ध,सम्पन्न, बनाले हेतु अभिनव प्रयोग करते हुये मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 17.10.2020 ककरा कलां कुण्ड स्थित जैव विविध पार्क में महिला क्षमता संबर्धन की कार्यशाला एवं वृहद वृक्षारोपण आयोजन किया गया जिसमें 200 महिला कर्मी द्वारा किया गया प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में 1500 अमरूद्ध की उन्नति प्रजाति के पौधो का रोपण जिला उद्यान अधिकारी श्री राघवेन्द्र के सहयोग से कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मिशन शक्ति क्षमता संवर्धन कार्यक्रम नारी सुरक्षा,नारी सम्मान पर बल दिया गया। नगर आयुक्त महोदय वृक्षारोपण के कार्यक्रम को और गतिशील करने पर जोर दिया गया। जिससे नगर को शुद्ध आक्सीजन एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराये जा सके। इस कार्यक्रम में नगर निगम की महिलाये अधिकारी/ महिलाये कर्मचारी भी शामिल हुई। इसके साथ–साथ इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं श्रीमती रश्मि भारती, महाप्रबन्धक (जल)मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान आदि उपस्थित रहे। मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत कल दिनांक 18.10.2020 को गॉधी भवन में प्रातः 10 बजे महिला सफाई कर्मियो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छता की कार्यशाला का आयोजन होगा।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में सफाई कार्य का किया गया निरीक्षण, सफाई एवं खादय निरीक्षको को दिया गया निर्देश, पूजा स्थलो,मंदिरो एव अन्य सार्वजनिक स्थानो पर गन्दगी पाये जाने कठोर कार्यवाही की दी गई चेतावनी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शासन के निर्देशानुसार दिनांक 19.02.2020 से विद्यालयो में पठन–पाठन शुरू किये जाने के दृष्टिगत नगर के विद्यालयो को सेनेटाइज किये जाने का दिया गया निर्देश। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज मंदिरो एवं पूजा स्थलो के साथ–साथ निम्न क्षेत्रों में सफाई एवं सेनेटाइजेशन किया गया। सफाई जोन–1 में नवोदय विद्यालय,सफाई जोन–2 मो0 बहादुरपुरा निकट साहू फैक्ट्री,सफाई जोन–3 मो0 सिंजई,सफाई जोन–4–मो0 वाला तिराही, तथा सफाई जोन–5 मो0 फत्तेपुर रेती में कराई गई सफाई।इन स्थानो पर श्री पवन कुमार,श्री हरवंश दीक्षित,श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्या, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग को रोकने हेतु प्रतर्वन दल द्वारा आज दिनांक 17.10.2020 को महिला थाना के पास तथा लोधीपुर में अवैध होर्डिग्स हटाई गई तथा बरेली मोड़ पर 4 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर